## पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**संदेश न्यूज। कोटा.** हाड़ौती राजपूत महासभा समिति ,कोटा द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुन्हाड़ी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष महाराणा प्रताप के चित्र पर समाज बंधुओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर महाराणा प्रताप को याद किया गया। इस अवसर संरक्षक भवानी सिंह चौहान, अध्यक्ष विजय सिंह हाड़ा, मंत्री बहादुर सिंह राठौड़,महिला मोर्चा से शकुंतला चौहान,निर्मला सिसोदिया ,चन्द्रशोभा राठौड़ और समाज बंधु उपस्थित रहे।

### राष्ट्र की रक्षा के लिए हर युवा को महाराणा प्रताप बनने की आवश्यकता : टी. राजा सिंह

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली शौर्य वाहन रैली, स्वाभिमान सभा का हुआ आयोजन

**संदेश न्यूज। कोटा.**

महाराणा प्रताप के जन्म उत्सव पर कोटा में भव्य शौर्य वाहन रैली एवं स्वाभिमान सभा आयोजित की गई। जिसे हैदराबाद के विधायक टी. राजा सिंह ने संबोधित किया। राजा ने कहा कि वर्तमान में धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए हर युवा को महाराणा प्रताप बनने की आवश्यकता है। जब तक देश में आतंकी संगठन रहेंगे तब तक राष्ट्र आगे नहीं बढ़ सकता।

महाराणा प्रताप के समय पर भी देश के गद्दारों ने जयचंद बनते हुए धर्म को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया था अभी भी कुछ जयचंद इसी तरह का कार्य कर रहे हैं। इन लोगों को सबक सिखाने की आवश्यकता है और यह कार्य धर्म की रक्षा एवं राष्ट्र की रक्षा करने वाला युवा ही ले सकता है। उन्होंने कोटा के युवाओं के जोश की तारीफ करते हुए कहा कि यह जोश धर्म, राष्ट्र एवं गौ माता की रक्षा के लिए काम आना चाहिए। शौर्य वाहन रैली में गाड़िया लौहार समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में अपने परंपरागत वेशभूषा में भाग लिया। शाम 5 बजे सूर्य वाहन



रैली मानव विकास भवन से आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई महाराणा प्रताप सर्किल पहुंची जहां स्वाभिमान सभा में तब्दील हुई। समिति संयोजक गिर्राज गौतम द्वारा स्वागत उदबोधन दिया गया। राजपूत प्रताप सेना के अध्यक्ष तेजवीर सिंह ने सर्व हिंदू समाज से स्वागत किया।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर हेमा सरस्वती, गोदावरी धाम के बाबा शैलेन्द्र भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजयवर्गीय, पूर्व महाराव इज्यराज सिंह, विधायक कल्पना देवी, मदन दिलावर, हिरेंद्र शर्मा, राजू सुमन, अनिल तिवारी, राकेश निर्मल सेन, सत्येंद्र सिंह चौहान, सोहन सिंह नरूका, गजेंद्र सिंह, दीपक सिंह राजावत, मयंक विजयवर्गीय, हरीश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### जगह-जगह हुआ स्वागत व पुष्पवर्षा

**संदेश न्यूज। कोटा.** शौर्य वाहन रैली का व रैली में आए टी. राजा सिंह का लाडपुरा में कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के प्रतिनिधियों के रूप में भाजपा रामपुरा मंडल वरिष्ठ कार्यकर्ता अश्वनी मलेटी, प्रशांत सक्सेना, चैतन्य मलेटी, रूप किशोर गुप्ता त्रिभुवन माथुर, प्रतीक माथुर, रोहित महावर, रोहित पारेता, मनीष शर्मा, अतुल मणि शर्मा, पवन कछावा, दीपक सेन, मनीष कांत कछावा, सुमित शर्मा, देवेश लोधा, मनोज मालवीय, विजय गेरा द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

उस्ताद स्व. चौथमल अखाड़ा छोटी समाध, माली सैनी समाज, रामपुरा छात्रावास समिति एवं रामपुरा वासियों द्वारा महाराणा प्रताप जयंती की भव्य शोभायात्रा का रामपुरा थाने के पास जोरदार पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उस्ताद बालकिशन बथूनिया, रामबाबू राव, समाजसेवी डॉ दुर्गा शंकर सैनी, नितेश श्रृंगी, अशोक मलेठी , मेवालाल बलंडिया, हेमंत सुमन, योगेश सुमन, जीतू सुमन, मुकेश बथूनिया, योगेंद्र बाथरा, महेश बागड़ी, बाबूलाल माली, समाज सेवी अरुण भार्गव, हरीश प्रजापति, शम्भू बागड़ी, कौशल बागड़ी, कुंदन सैनी,गज्जू सैनी आदि उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन



**संदेश न्यूज। कोटा.** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर संकल्प क्रांति संस्था द्वारा ऑनलाइन देशभक्ति कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। इस देशभक्ति ऑनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे प्रदेश से कुल 527 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक हेमंत यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में झालावाड़ की निहारिका डांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोटा शहर के रुद्र प्रताप सिंह ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोटा नयागांव की तिथि शर्मा ने इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रियांशी गुप्ता, रचना सोनी और नव्या शर्मा ने संयुक्त रूप से तीनों ने इस प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया टी राजा का स्वागत



**संदेश न्यूज। कोटा.** महाराणा प्रताप जयंती पर हैदराबाद के विधायक टी राजा कोटा स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय मानव विकास भवन पहुंचे। महाराणा प्रताप सर्किल पर उद्बोधन से पूर्व टी राजा का विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल के कार्यकर्ताओं द्वारा तलवार और साफा बंधवाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विहिप महानगर अध्यक्ष श्रीनाथ मित्तल, मंत्री मोहन मालव, प्रांत टोली सदस्य रामचरण लोधा, बजरंदगल संयोजक राजू सुमन,आकाश दीप आर्य, प्रचार प्रमुख रामबाबू मालव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप के साथ सरकारों ने न्याय नहीं किया: दुर्गादास





**संदेश न्यूज। कोटा.**

महाराणा प्रताप गाड़िया लौहार समाज विकास समिति हाड़ौती संभाग कोटा के द्वारा जेके फैक्ट्री के सामने महाराणा प्रताप जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय घुमंतू जाति कार्य प्रमुख दुर्गादास ने कहा कि महाराणा प्रताप के साथ सरकारों ने न्याय नहीं किया। उन्हें इतिहास में जो जगह मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल पाई।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत ने कहा कि महाराणा प्रताप ने राष्ट्रधर्म के लिए घास की रोटी भी खाई तथा अपने जीवन का सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया।

कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि गाड़िया लौहार की बस्ती में महाराणा प्रताप की मूर्ति के लिए प्रयास करेंगे। गाड़िया लौहार के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालूराम फौजी बाबा ने समाज को एकजुट होकर और देश के लिए आगे बढ़ने के लिए कहा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से रामलाल महाराज, देवीलाल महाराज, दिनेश लौहार, बाबू लौहार, रमेश, रतनलाल, बाबूलाल, शंभू लोहार व बड़ी संख्या में हाड़ौती राजस्थान के साथ-साथ देश के कई राज्यों से समाज बंधुओं ने भाग लिया। लाडपुरा विधानसभा सेवा मंच के सदस्यों ने सेवा के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया।

## महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात करें



**संदेश न्यूज। कोटा.** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर सोमवार को राजपूताना यूथ फाउंडेशन (रायूफा) की ओर से छावनी स्थित बिनानी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी, विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज संगीता सक्सेना, उपायुक्त नगर निगम गजेन्द्र सिंह रहे। राजपूताना यूथ फाउंडेशन जिलाध्यक्ष शम्भू सिंह कानावत ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि चौधरी ने कहा कि युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य संगीता सक्सेना ने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए उनके चरित्र पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में संरक्षक कमलसिंह बडगुर्जर एवं रायूफा के पदाधिकारियों ने सभी अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का संचालन नंद सिंह हाड़ा ने किया।



### क्षत्राणियों ने चलाई तलवार



**संदेश न्यूज। कोटा.** जय बाईसा राज राजपूताना की संस्थापक हेमलता सिंह गहलोत की अगुवाई में नयापुरा शारबाग से महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव की शौर्य रैली का आगाज हुआ। जिसमें समाज की महिलाओं एवं बाईसा एवं क्षत्राणियों ने तलवारबाजी कर शौर्य रैली में करतब कर दिखाए ,वही डीजे की धुन में महाराणा प्रताप के गानों पर क्षत्राणियों ने जमकर नारेबाजी की। शौर्य रैली शारबाग होते हुए, अग्रसेन चौराहे विवेकानंद चौराहा चंबल पुलिया से होते हुए कुन्हाड़ी महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक पहुंची ,जहां पर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महाराणा प्रताप के चरणों में पुष्प अर्पण किए। इस मौके पर हेमलता हाड़ा, सरोज झाला, निर्मला सिसोदिया, सुशीला चौहान, नीतू सिंह चौहान, आभा चौहान, दुर्गेश सिसोदिया, सुनीता राणावत, कोमल सिसोदिया, गायत्री राठौड़, नीतू चौहान, अनीता गौड़, मान कंवर, मीना तंवर आदि उपस्थित थी।

## राजकीय महाविद्यालय में किया दुग्धाभिषेक



**संदेश न्यूज। कोटा.** छात्र नेता रौनक गुर्जर के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। महाविद्यालय परिसर में स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उनके त्याग और संघर्ष को याद किया। इस मौके पर छात्र नेता अमन, समाजसेवी गोपाल माहेश्वरी, मनोहर मेघवाल, जुबेर, शिवांशु, अमित, राहुल, रोहित, मेघवाल आदि मौजूद रहे। राजकीय महाविद्यालय में युवा कांग्रेस द्वारा भी महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दुग्धाभिषेक किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस महामंत्री व सहवरित पार्षद संजय यादव ने विचार व्यक्त किए। अशोक जैन खादी, पार्षद नवीन यादव, केशव जैन, मनीष आर्य, युवक कांग्रेस विधान सभा उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गुर्जर, जुल्फीकार अली, प्रताप सिंह हाड़ा सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाये मार्ग पर चलें : राठौड़

**संदेश न्यूज। अजमेर.**

राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ ने युवा पीढ़ी का आह्वान किया है कि वे महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाये मार्ग पर चलें और इतिहास से रूबरू हो।

राठौड़ अजमेर में पुष्कर घाटी स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर उनकी 483 वीं जयन्ती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में राजस्थान का नाम जिस महान विभूति महाराणा प्रताप से जुड़ा है उन्हें आज हमें नमन करने का अवसर मिला है। अपने पराक्रम के लिये जाने जाने वाले महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में प्रथम योद्धा के रूप में पहचान बनाई। हम उनका कर्ज नहीं उतार सकते , लेकिन आज फर्ज तो निभा ही सकते है।

समारोह में मौजूद आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अंतिम सांस तक मेवाड़ के लिये संघर्ष किया। हम सब उनके ऋणी है।

पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि आयोजन समिति बधाई की पात्र है जिन्होंने वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयन्ती पर आयोजन कर उनका स्मरण करने का सभी को सौभाग्य दिया। उन्होंने कहा प्रताप पराक्रमी थे और रणकौशल में निपुण थे। हमें उन्हें आज नमन करते गर्व है।



### कोटा विवि में पुष्पांजलि अर्पित की

**संदेश न्यूज। कोटा.** महाराणा प्रताप की 483वीं जयंती पर कोटा विश्वविद्यालय में छात्र शक्ति द्वारा सोमवार को कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने अपनी भागीदारी निभाई। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र नेता कारण सिंह नायक, शोध छात्र संघ अध्यक्ष पिंकेश मीना (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष) पूर्व महासचिव दीपक सुमन, छात्रसंघ अध्यक्ष अजय पारेता, उपाध्यक्ष शुभम नागर, समीक्षा दीक्षित, शशांक शर्मा, लवीना गुवाडिया, लोकेंद्र नामा एवं अन्य विश्वविद्यायल छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

**श्रीकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 112-बी शक्ति नगर कोटा राजस्थान - 324009
CIN-L45200RJ1984PLC040606 | दूरभाष नं.: +91-744-2500492
ईमेल आईडी: investor.shrion@gmail.com | वेबसाइट: www.shricon.in

**समाप्त तिमाही 31.03.2023 के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम**

(रु. लाख में)

| विवरण | समाप्त तिमाही (31/03/2023) | चालू अवधि के लिए समाप्त तारीख तक आंकड़े (31/03/2023) | गत साल की समाप्त तिमाही के आंकड़े (31.03.2022) |
|---|---|---|---|
| | लेखा परीक्षित | लेखा परीक्षित | लेखा परीक्षित |
| प्रचालन से कुल आय | 0.19 | 0.19 | 0.00 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण कर और/ या असाधारण मद्दो से पहले) | 136.17 | 120.97 | 2.55 |
| अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मद्दो के बाद) | 136.17 | 120.97 | 2.55 |
| अवधि के लिए कर से बाद शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या असाधारण मद्दो के बाद) | 136.17 | 120.95 | 2.55 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 136.17 | 120.95 | 2.55 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 124.00 | 124.00 | 124.00 |
| पिछली वर्ष की ऑडिट बैलेंस शीट में दिखाए | 221.82 | 221.82 | 100.87 |
| अनुसार रिजर्व (रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर) आय प्रति शेयर (रु.10 / प्रत्येक) (बेसिक और डायलुटेड) | 9.75 | 9.75 | 2.99 |

1. 31 मार्च, 2023 की तिमाही और वर्ष के वित्तीय परिणामों का ऑडिट किया गया है।
2. उपरोक्त परिणाम, लेखापरीक्षा समिति द्वारा विधिवत समीक्षा की गई और 20 मई, 2023 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई।
3. उपरोक्त समाप्त हुई तिमाही 31.03.2023 लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत स्वरूप का एक संक्षिप्त स्वरूप है जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण की आवश्यकता) नियमन 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर की गई है लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप समाप्त तिमाही 31.03.2023 के लिए स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.shricon.in) पर उपलब्ध हैं।

श्रीकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
ओम प्रकाश माहेश्वरी, निदेशक
(DIN-00185677)

दिनांक: 22.05.2023
स्थान : कोटा